Seat No. : _______________

# AN-121(H)

## April-2025
## B.Com., Sem.-IV
## Major DSC-C-243 : Taxation-II (NEP)

**Time : 2:00 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**निर्देश :** दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दर्शाए गए हैं ।

1. 31/3/2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए मि. गणेश का लाभ एवं हानि खाता निम्न है : **10**

उ. **लाभ एवं हानि खाता** ज.

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| वेतन | 7,00,000 | सकल लाभ | 20,00,000 |
| घटिया ऋण | 20,000 | छूट | 20,000 |
| घटिया ऋण रिजर्व | 30,000 | घटिया ऋण वसूली (पूर्व का 50% घटिया ऋण में मान्य नहीं) | 50,000 |
| सामान्य खर्च | 80,000 | | |
| बीमा प्रीमियम | 95,000 | ब्याज एवं डिविडण्ड | 1,00,000 |
| पूँजी पर ब्याज | 35,000 | पोस्ट ऑफिस जमा खाता पर ब्याज | 50,000 |
| पूर्व–दत्त आयकर | 50,000 | | |
| विज्ञापन खर्च | 1,40,000 | | |
| दान | 25,000 | | |
| मोटर कार खर्च | 80,000 | | |
| टेलिफोन खर्च | 40,000 | | |
| ह्रास | 1,30,000 | | |
| बिजली खर्च | 95,000 | | |
| शुद्ध लाभ | 7,00,000 | | |
| | **22,20,000** | | **22,20,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) वेतन में मि. गणेश को दिया ₹ 1,00,000 वेतन शामिल है ।

(2) सामान्य खर्च में ₹ 30,000 की व्यक्तिगत खरीदी का भुगतान शामिल है ।

(3) विज्ञापन खर्च में ₹ 40,000 के नए स्थायी साइन बोर्ड की खरीदी शामिल है ।

(4) मोटर–कार खर्च में ₹ 30,000 का व्यक्तिगत उपयोग शामिल है ।

(5) बीमा प्रीमियम में ₹ 25,000 का जीवन बीमा प्रीमियम शामिल है ।

(6) आयकर अधिनियम के अनुसार ₹ 1,20,000 का ह्रास अनुमत है ।

(7) ₹ 1,00,000 की व्यावसायिक आय जो दर्ज नहीं की गई थी, व्यक्तिगत पास–बुक से पायी गई थी ।

उपरोक्त सूचनाओं से निर्धारण वर्ष 2024-'25 के लिए व्यवसाय एवं व्यापार से कर–योग्य आय की गणना कीजिए ।

**अथवा**

1. वर्ष 2023-'24 के लिए डॉ. वेद का आय एवं व्यय खाता निम्न है : **10**

**उ.** **आय–व्यय खाता** **ज.**

| व्यय | ₹ | आय | ₹ |
|---|---|---|---|
| स्टाफ वेतन | 9,00,000 | नर्सिंग होम से आय | 10,00,000 |
| पुत्र के विवाह का खर्च | 1,65,000 | ऑपरेशन से आय | 6,50,000 |
| बिजली खर्च | 50,000 | डिविडण्ड (सकल) | 10,000 |
| दवा खरीदी खर्च | 1,00,000 | ट्रेजरी सेविंग्स सर्टिफिकेट का ब्याज | 5,000 |
| टेलिफोन खर्च | 10,000 | कन्सल्टेशन फीस | 1,00,000 |
| नर्सिंग होम किराया | 1,20,000 | लॉटरी इनाम | 15,000 |
| उपकरणों का ह्रास | 52,000 | जन्मदिन उपहार (अवयस्क पुत्र का) | 10,000 |
| अन्य परिसम्पत्तियों का ह्रास | 18,000 | मरीजों से प्राप्त उपहार | 50,000 |
| म्युनिसिपल कर | 35,000 | मकान से किराया आय | 60,000 |
| उपकरणों का किराया | 20,000 | | |
| बीमा प्रीमियम | 30,000 | | |
| खर्च पर आय की बढ़त | 4,00,000 | | |
| | **19,00,000** | | **19,00,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) स्टाफ वेतन में ₹ 60,000 उनकी पत्नी को दिया गया वेतन शामिल है जो प्रशिक्षित नर्स हैं और अपनी सेवाएँ देती हैं ।

(2) उपकरणों पर मिलने योग्य ह्रास ₹ 50,000 तथा अन्य परिसम्पत्तियों पर ₹ 10,000 है ।

(3) म्युनिसिपल कर में ₹ 10,000 शामिल है जो उनकी किराए पर दी गई सम्पत्ति के है ।

(4) उन्हें विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में सेवा देने के बदले ₹ 50,000 का मानद वेतन मिला है ।

(5) बीमा प्रीमियम में ₹ 10,000 जो मेडिक्लेम बीमा (स्वयं) और ₹ 5,000 जीवन बीमा प्रीमियम शामिल है ।

निर्धारण वर्ष 2024-'25 के लिए डॉ. वेद की व्यापार एवं व्यवसाय से कर–योग्य आय की गणना कीजिए ।

2. हीर ने 31/3/2024 को समाप्त होते वर्ष के दौरान निम्न सम्पत्तियाँ बेची : **10**

| **सम्पत्तियाँ** | **खरीद तारीख** | **खरीद कीमत (₹)** | **विक्रय तारीख** | **विक्रय कीमत (₹)** | **हस्तांतरण व्यय (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) रिहायशी घर | 11/11/1990 | 5,00,000 | 11/8/2023 | 61,00,000 | 92,000 |
| (2) ABC लि. शेयर (लिस्टेड) | 11/12/1998 | 1,40,000 | 8/10/2023 | 8,40,000 | 44,000 |
| (3) आभूषण | 1/8/2004 | 2,26,000 | 1/6/2023 | 12,00,000 | 4,000 |
| (4) डिबेन्चर | 1/6/2011 | 2,50,000 | 21/2/2024 | 5,75,000 | 25,000 |
| (5) मोटर कार (व्यक्तिगत) | 11/10/2014 | 6,00,000 | 11/1/2024 | 3,50,000 | 25,000 |

**अन्य सूचनाएँ** :

(1) उसने वित्तीय वर्ष 2014-'15 में बेचे गए घर पर ₹ 4,00,000 का अतिरिक्त निर्माण करवाया ।

(2) 1/4/2001 को सम्पत्तियों की वाजबी बाजार कीमत निम्न है :

रिहायशी घर ₹ 11,00,000

ABC लि. शेयर ₹ 2,00,000

(3) ABC लि. के शेयर बेचने पर कोई सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स (STT) देना आवश्यक नहीं ।

(4) रिहायशी घर बेचने के तुरन्त बाद उसने ₹ 25,00,000 का नया फ्लैट खरीदा ।

(5) संबंधित सूचकांक :

| | |
|---|---|
| 2001-'02 | 100 |
| 2004-'05 | 113 |
| 2011-'12 | 184 |
| 2014-'15 | 240 |
| 2023-'24 | 348 |

निर्धारण वर्ष 2024-'25 के लिए कर-योग्य पूँजी आय की गणना कीजिए ।

**अथवा**

2. निम्न सूचनाओं से वित्तीय वर्ष 2023-'24 के लिए "अन्य स्रोतों से आय" शीर्षक के अंतर्गत हिया की कर-योग्य आय की गणना कीजिए : **10**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में मुद्दत जमा पर अर्जित ब्याज | 10,000 |
| (2) | 7% पूँजी निवेश बाँड पर ब्याज | 12,000 |
| (3) | विदेशी कंपनियों के शेयरों पर प्राप्त डिविडेण्ड | 20,000 |
| (4) | भारतीय कंपनियों के 12% प्रिफरेन्स शेयरों पर प्राप्त डिविडेण्ड (TDS 10%) | 27,000 |
| (5) | उप-किराएदार से किराया आय (उप-किराएदार को प्रदत्त सुविधाओं की कीमत ₹ 3,000) | 43,000 |
| (6) | A लि. के 10% कर मुक्त डिबेन्चरों पर प्राप्त ब्याज (TDS 10%) | 45,000 |
| (7) | B लि. के 10% कर मुक्त डिबेन्चरों पर प्राप्त ब्याज (TDS 10%) | 54,000 |
| (8) | पब्लिक प्रोविडेण्ट फंड खाते में जमा ब्याज | 25,000 |
| (9) | प्राप्त परिवार पेंशन | 85,000 |
| (10) | लॉटरी इनाम से प्राप्त शुद्ध आय (TDS 30%) | 56,000 |

उसने ब्याज संग्रहण के लिए बैंक को ₹ 10,000 का कमीशन दिया ।

3. (A) कर राहत पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **5**

(B) दान के संबंध में धारा 80G के अंतर्गत कटौती पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **5**

**अथवा**

3. (A) आंशी ने वर्ष 2023-'24 के दौरान निम्न भुगतान किए : **5**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | विवाहित पुत्री का जीवन बीमा प्रीमियम (1/4/2016 को ₹ 4,00,000 की पॉलिसी खरीदी) | 50,000 |
| (2) | पब्लिक प्रोविडेण्ट फंड में योगदान | 50,000 |
| (3) | बालकों की ट्यूशन फीस (3 बालकों के लिए प्रति बालक ₹ 30,000) | 90,000 |
| (4) | इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधा के वित्तीयन के लिए मान्य म्यूच्युअल फंड की यूनिट में निवेश | 70,000 |

निर्धारण वर्ष 2024-'25 के लिए धारा 80C के अंतर्गत कटौती की पात्र कुल रकम और वास्तविक कटौती की रकम की गणना कीजिए ।

(B) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : नुकसान का समंजन (Set-off) **5**

4. (A) माल एवं सेवा कर के लाभों का वर्णन कीजिए । **5**

(B) इनपुट टैक्स क्रेडिट पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **5**

**अथवा**

4. (A) जी.एस.टी. अधिनियम की मुख्य लाक्षणिकताओं का वर्णन कीजिए । **5**

(B) जी.एस.टी. काउन्सिल पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **5**

5. नीचे दिए उप-प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर दिए गए हैं । आपको सही उत्तर चुनना है : (कोई **दस**) **10**

(1) व्यापार या वाणिज्य प्रवृत्ति के दौरान अंतर-राज्य आपूर्ति पर जी.एस.टी. लगाने और संग्रह की जिम्मेदारी किसकी होनी चाहिए ?

(a) केंद्र सरकार

(b) राज्य सरकार

(c) केंद्र-शासित प्रदेश

(d) यह सभी

(2) एक संपत्ति को 2007-’08 में ₹ 1,29,000 में खरीदा गया और 2023-’24 में ₹ 3,84,000 में बेच दिया गया । वर्ष 2007-’08 और 2023-’24 के लिए नियत सूचकांक क्रमशः 129 और 348 हैं ।

दीर्घकालीन पूँजी आय की राशि क्या होगी ?

(a) ₹ 36,000 (b) ₹ – 36,000

(c) ₹ 2,55,000 (d) शून्य

(3) क्या व्यावसायिक स्थान पर चोरी से नुकसान शामिल करने योग्य खर्च है ?

(a) हाँ

(b) नहीं

(c) व्यापार के स्वरूप पर निर्भर है ।

(d) आयकर अधिनियम में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है ।

(4) मकान–सम्पत्ति के सिवाय पूँजी सम्पत्ति के बेचने के संबंध में धारा 54F के अंतर्गत छूट की सही रकम ज्ञात करने का सूत्र निम्न में से कौन सा है ?

(a) $\text{नए मकान में निवेशित रकम} \times \dfrac{\text{कुल पूँजी लाभ}}{\text{शुद्ध उपज}}$

(b) $\text{नए मकान में निवेशित रकम} \times \dfrac{\text{शुद्ध उपज}}{\text{कुल पूँजी लाभ}}$

(c) $\dfrac{\text{शुद्ध उपज} \times \text{कुल पूँजी लाभ}}{\text{नए मकान में निवेशित रकम}}$

(d) इनमें से कोई नहीं

(5) निम्न में से कौन सा खर्च व्यापार या व्यवसाय से प्राप्त आय के संदर्भ में अस्वीकार्य है ?

(a) आयकर (b) माल एवं सेवा कर

(c) कस्टम ड्यूटी (d) इनमें से कोई नहीं

(6) मि. X ने 12/8/2023 को ₹ 5,96,500 के आभूषण बेचे। आभूषण को ₹ 2,76,000 में 2011-'12 में खरीदा गया था। विक्रय से प्राप्त राशि से उसने एक रिहायशी मकान (जिसमें वह किराए से रहता था) 12/1/2024 को ₹ 4,00,000 में खरीदा।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक वित्तीय वर्ष 2011-12 और 2023-'24 के लिए क्रमशः 184 एवं 348 हैं। निर्धारण वर्ष 2024-'25 के लिए कर मुक्त पूँजी आय निम्न होगी :

(a) शून्य
(b) ₹ 74,500
(c) ₹ 3,25,500
(d) ₹ 4,00,000

(7) मृत कर्मचारी के वैधानिक वारिस द्वारा प्राप्त परिवार पेंशन से निम्न में से कौन सा मानक कटौती के रूप में अनुमत है ?

(a) ऐसी पेंशन का 1/3 भाग परन्तु अधिकतम ₹ 20,000 तक
(b) ऐसी पेंशन का 1/3 भाग या ₹ 15,000 जो भी अधिक हो।
(c) ऐसी पेंशन का 1/3 भाग या ₹ 15,000 जो भी कम हो
(d) मृतक के वैधानिक वारिस को कोई भी मानक कटौती अनुमत नहीं है।

(8) कार्ड गेम्स, रेस, क्रॉसवर्ड पज़ल, लॉटरी आदि से प्राप्त आय पर किस दर से आयकर लगाया जाता है ?

(a) आयकर की सामान्य स्लैब जैसे अन्य आय पर लागू
(b) 20% की फ्लैट दर
(c) 30% की फ्लैट दर
(d) यह आकस्मिक आय हैं, कोई आयकर देय नहीं है।

(9) यूनिट ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा घोषित डिविडेण्ड की कर पात्रता क्या होगी ?

(a) कर–पात्र परन्तु कुल सकल आय से ₹ 15,000 की अधिकतम कटौती अनुमत है।
(b) यूनिट धारकों की दृष्टि से पूर्णतः कर–मुक्त
(c) यूनिट धारकों की दृष्टि से पूर्णतः कर–पात्र
(d) डिविडण्ड की सकल राशि का 70% कर–पात्र

(10) किसी व्यक्ति को _______ के स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम के लिए धारा 80D के अन्तर्गत छूट अनुमत है ।

(a) व्यक्ति स्वयं

(b) व्यक्ति स्वयं या उसका परिवार

(c) व्यक्ति स्वयं या उसका परिवार एवं उसके माता-पिता

(d) व्यक्ति स्वयं या उसका परिवार एवं उसके आश्रित माता-पिता

(11) भारत में जी.एस.टी. की अधिकतम दर______ है ।

(a) 12% (b) 18%

(c) 28% (d) इनमें से कोई नहीं

(12) जी.एस.टी. से अंतर्गत पंजीकरण अनिवार्य है जिसका टर्नओवर _________ है ।

(a) ₹ 15 लाख या अधिक (b) ₹ 25 लाख या अधिक

(c) ₹ 40 लाख या अधिक (d) इनमें से कोई नहीं